शिक्षा निदेशालय ,राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली
**अभ्यास प्रश्न पत्र (2023-24)**
**इतिहास (027)**
**कक्षा -XI**

अवधि : **3** घंटे | पूर्णांक-**80**

सामान्य निर्देश:
• प्रश्न पत्र में पांच खंड हैं- A,B,C,D और E,कुल 34 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के सामने अंक दिए गए हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
• खंड A: प्रश्न संख्या 1 से 21 , प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
• खंड B: प्रश्न संख्या 22 से 27 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनमें से प्रत्येक में 3 अंक हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 60-80 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
• खंड C: प्रश्न संख्या 28 से 30 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनमें से प्रत्येक के 8 अंक हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 300-350 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
• खंड D: प्रश्न संख्या 31 से 33 स्रोत-आधारित प्रश्न हैं जिनमें 3 उप प्रश्न हैं और प्रत्येक के 4 अंक हैं।
• खंड E: प्रश्न संख्या 34 एक मानचित्र आधारित प्रश्न है, जिसमें 5 अंक हैं जिसमें महत्वपूर्ण स्थलों की पहचान और चिन्हांकन शामिल है। मानचित्र को उत्तर पुस्तिका के साथ संलग्न करें।
• प्रश्न पत्र में कोई खुला विकल्प नहीं है। हालांकि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिया गया है। ऐसे प्रश्नों में से केवल एक विकल्प को हल करना है।
• इसके अलावा, जहां भी आवश्यक है ,प्रत्येक अनुभाग और प्रश्नों के साथ अलग-अलग निर्देश दिए गए हैं।

| | **Section – A** | **1x21 Marks** |
|---|---|---|
| 1 | निम्नलिखित सूचनाओं की मदद से राजा की पहचान करे \|<br>• उसने उत्तर में स्थित अपनी राजधानी निनवै में एक पुस्तकालय की स्थापना की \|<br>• उसने अपने लिपिकों को दक्षिण में पुरानी पट्टिकाओं का पता लगाने के लिए भेजा \|<br>• उसने स्वयं को ब्रह्मांड का सम्राट कहा \|<br>a) नाबोनिडस b) सारगोन c) असुरबनिपाल d) एन्मर्कर | 1 |
| 2 | युद्धबंदियों और स्थानीय लोगों को जिन्हें मंदिर या शासक के लिए काम पर लगाया जाता था, उन्हें भुगतान किया जाता था ।<br>a) कांस्य उपकरण b) मवेशी c) सिक्के d) राशन | 1 |
| 3 | नीचे दो कथन, अभिकथन (A) और कारण (R) दिए गए हैं।<br>अभिकथन **(A) -** मेसोपोटामिया की दुनिया को सबसे बड़ी देन उसकी कालगणना और गणित की विद्वतापूर्ण परम्परा है \|<br>कारण **(R)-** सूर्य के चारो ओर पृथ्वी की परिक्रमा के अनुसार एक पूरे वर्ष को 12 महीनों में विभाजन किया गया है \|<br>(i) (A) और (R) दोनो सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।<br>(ii) (A) और (R) दोनो सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या नही है ।<br>(iii) (A) सही है परन्तु (R) गलत हैं।<br>(iv) (R) सही है परन्तु (A) गलत हैं। | 1 |
| 4 | 'मेसोस' का क्या अर्थ है? | 1 |

DoE, Delhi

| | | |
|---|---|---|
| | a) उच्च भूमि b) मध्य भूमि<br>c) पठार क्षेत्र d) एक द्वीप | |
| 5 | मेसोपोटामिया की पहली भाषा कोन सी थी ?<br>a) अक्क्दी b) हिब्रु<br>c) अरामाईक d) सुमेरियन | 1 |
| 6 | रोमन साम्राज्य ......... तक गणतंत्र बना रहा।<br>a) 27 ईसा पूर्व b) 27 सीई<br>c) 527 ईसा पूर्व d) 512 ईसा पूर्व | 1 |
| 7 | निम्नलिखित में से कौन सा सही सुमेलित है?<br>सूची 1 सूची 2<br>1- स्पेन i. प्यूनिक<br>2- आर्मेनिया ii. केल्टिक<br>3- मिस्र iii कॉप्टिक<br>4- उत्तर अफ़्रीका iv आर्मेनियन | 1 |
| 8 | किसने सिफारिश की कि भूस्वामियों को औज़ारों का अपनी ज़रूरत से दुगना भंडार रखना चाहिए ?<br>a) टैसिटस b) प्लिनी द एल्डर c) कोलुमेला d) ऑगस्टीन | 1 |
| 9 | रोमन साम्राज्य से संबंधित निम्न कथनों पर विचार करें।<br>a- महिला अपने पिता की मुख्य उत्तराधिकारी बनी रहती थी।<br>b- दासों को परिवार में सम्मिलित किया जाता था।<br>c- तलाक देना अपेक्षाकृत आसान था ।<br>d- विवाह आमतौर पर परिवार द्वारा नियोजित होते थे।<br>सही कथन का चयन करे:<br>1- a, b और d 2- b, c और d 3- a, b और c 4- ये सभी | 1 |
| 10 | निम्नलिखित में से कौन सा सही सुमेलित नहीं है?<br>कॉलम **A** कॉलम **B**<br>a) सुनहरा गिरोह जोची के वंशजों द्वारा स्थापित संघ<br>b) जैरेज मंगोलियाई क्षेत्र में पास या परमिट के लिए<br>c) कुबकुर व्यापारिक सुविधाओं के साथ खानाबदोशों पर लगाया गया एक टैक्स।<br>d) याम संहिता कानून | 1 |
| 11 | "यदि आप किसानों का अपमान करते हैं 'उनके बैलों और बीजों को ले लें और उनकी फसलों को जमीन में रौंद दें, तो आप भविष्य में क्या करेंगे?" यह कथन किसने कहा?<br>a) चंगेज खान b) गजन खान<br>c) कुबिलाई खान d) चगताई खान | 1 |
| 12 | चंगेज खान ने निशापुर को लूटने और नष्ट करने का आदेश क्यों दिया?<br>a) क्योंकि एक मंगोल राजकुमार मारा गया था।<br>b) क्योंकि निशापुर ने कृषि उपज निर्यात करने से इंकार कर दिया।<br>c) क्योंकि वे उद्योगों का विकास कर रहे थे।<br>d) उपर्युक्त में से कोई नहीं। | 1 |

DoE, Delhi

| | | |
|---|---|---|
| 13 | मंगोल साम्राज्य की स्थापना किसके द्वारा की गई थी:<br>a) चंगेज खान<br>b) सिकंदर महान<br>c) जूलियस सीज़र<br>d) अत्तिला हुन | 1 |
| 14 | नाईट के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें। निम्नलिखित में से कौन सा सही नहीं है?<br>a) लार्ड ने नाईट को भूमि का एक टुकड़ा (फीफ) दिया और उसकी रक्षा करने का वादा किया।<br>b) फीफ उत्तराधिकार में नहीं मिल सकता था।<br>c) फीफ के बदले में, नाईट ने अपने स्वामी को एक नियमित शुल्क का भुगतान करता था, और युद्ध में उसके लिए लड़ने का वादा करता था ।<br>d) एक नाईट एक से अधिक लार्ड की सेवा कर सकता था, लेकिन उसकी सबसे बड़ी निष्ठा अपने स्वामी के प्रति होती थी। | 1 |
| 15 | निम्नलिखित का मिलान करें:<br>सूची I — सूची II<br>(i) फ्रांस — (a) हेनरी VII<br>(ii) इंग्लैंड — (b) लुईस XI<br>(iii) ऑस्ट्रिया — (c) फर्डिनेंड<br>(iv) स्पेन — (d) मैक्सिमिलियन<br><br>Options: (i) (ii) (iii) (iv)<br>(A) d a c b<br>(B) b d a c<br>(C) d b c a<br>(D) b a d c | 1 |
| 16 | नीचे दो कथन, अभिकथन (A) और कारण (B) दिए गए हैं।<br>अभिकथन **(A) -** कानून इटली के शुरुआती विश्वविद्यालयों में अध्ययन का एक लोकप्रिय विषय था।<br>कारण **(R) -** शिक्षकों और डॉक्टरों की मांग बढ़ गई थी।<br>a) A और R दोनों सत्य हैं, और R, A की सही व्याख्या है।<br>b) A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।<br>c) A सत्य है परन्तु R असत्य है।<br>d) A असत्य है परन्तु R सत्य है। | 1 |
| 17 | कैथेड्रल शहर के निर्माण का श्रेय दिया जाता है<br>(a) कृषि उत्पादन में उच्च उपज<br>(b) व्यापार और उद्योग को बढ़ावा देना<br>(c) धर्म की छाया में व्यापार संवर्धन अभियान<br>(d) शिल्पकारों, कारीगरों, व्यापारियों और आम लोगों दवारा योगदान और सदस्यता। | 1 |
| 18 | निम्नलिखित विकल्पों में से दिए गए चित्र को पहचानें: | 1 |

DoE, Delhi

| | | |
|---|---|---|
| | <br>a) कोलोसियम, 79 ईस्वी में बनाया गया था, जहां ग्लेडियेटर्स जंगली जानवरों से लड़ते थे<br>b) विन्डोनिसा के रोमन छावनी शहर में एम्फीथिएटर<br>c) पोंट डु गार्ड, निम्स के पास, फ्रांस, पहली शताब्दी ईसा पूर्व<br>d) फोरम जूलियस, रोम में दुकानें | |
| 18 | नोट- निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित उम्मीदवारों के लिए **Q.No.18** के बदले में हैं।<br>कोरटेस एज़्टेक साम्राज्य को नष्ट कर सकता था क्योंकि<br>(a) वह एक विशेषज्ञ सेना कमांडर थे।<br>(b) उसे टोटोनैक्स से मदद मिली।<br>(c) उन्हें तोपखाने द्वारा समर्थित किया गया था।<br>(d) वह चतुर, चालाक और धोखेबाज था। | 1 |
| 19 | टेरा न्यूलियस शब्द का अर्थ है-<br>a) बसने वालों की भूमि । b) जमीन किसी की नहीं।<br>c) मूल निवासी की भूमि । d) राज्य से संबंधित भूमि। | 1 |
| 20 | "अपने में से एशिया को निकाल फेकना" यह किसने कहा था?<br>(a) फुकुज़वा युकिचि (b) मियके सत्सुरेइ<br>(c) उएकि एमोरि (d) निशितानी केजी | 1 |
| 21 | सही कालक्रम क्या है?<br>i) चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना ii) पहला अफीम युद्ध<br>iii) मेजी बहाली iv) लम्बा कूच<br>a) ii, iii, i और iv b) i, ii, iii और iv<br>c) iii, ii, i और iv d) iv, i, iii और ii | 1 |
| | **Section – B** **3x6= 18 Marks**<br>लघु प्रश्न | |
| 22 | दक्षिणी मेसोपोटामिया में कृषि कई बार संकटों से घिर जाती थी \|इसके लिए कौन-कौन से कारक उत्तरदायी थे?<br>अथवा | 3 |

DoE, Delhi

| | | |
|---|---|---|
| | “मेसोपोटामिया के लोग शहरी जीवन को महत्व देते थे जिसमें कई समुदायों और संस्कृतियों के लोग साथ-साथ रहते थे।“ इससे संबंधित कुछ तथ्यों का उल्लेख कीजिए। | |
| 23 | तीसरी शताब्दी का संकट पहली और दूसरी शताब्दी की शांति अवधि से किस प्रकार भिन्न था? | 3 |
| 24 | चंगेज़ खान की सैन्य उपलब्धियाँ क्या थीं ? | 3 |
| 25 | यूरोप में पुनर्जागरण की अवधि के दौरान बौद्धिक रूप से रचनात्मक महिलाओं के नामों का उल्लेख करें।<br>अथवा<br>पृथ्वी की सही स्थिति बताने वाले सिद्धांत को कोपर्निकस ने जीवन भर गुप्त क्यों रखा ? | 3 |
| 26 | ऑस्ट्रेलिया के मूल निवासियों के इतिहास को इतिहास की किताबों से क्यों हटा दिया गया? | 3 |
| 27 | उत्तरी अमेरिका के मूल निवासियों की जीवनशैली की विशेषताओं की चर्चा कीजिए। | 3 |
| | **Section – C** **8x3=24 Marks**<br>दीर्घ उत्तरीय प्रश्न | |
| 28 | मंगोलों के खानाबदोश संगठन को चीन के साथ व्यापार क्यों करना पड़ा? इस व्यापार का चीनी अर्थव्यवस्था और राजनीति पर क्या प्रभाव पड़ा?<br>अथवा<br>चंगेज खान कौन था? वह मंगोलों का महान खान कैसे बना? | 8 |
| 29 | जापान में आक्रामक राष्ट्रवाद, पश्चिमीकरण और परंपरा पर संक्षेप में चर्चा करें।<br>अथवा<br>1936 में जापान और जर्मनी एंटी-कॉमिन्टर्न संधि में क्यों शामिल हुए? इसके उद्देश्य क्या थे? | 8 |
| 30 | उत्तरी अमेरिका में मूल निवासियों के अधिकारों एवं हितों के लिए क्या कदम उठाये गये? उनकी वर्तमान स्थिति क्या है?<br>अथवा<br>अमेरिका के आर्थिक एवं राजनीतिक विस्तार में गोल्ड रश की भूमिका स्पष्ट करें। | 8 |
| | **Section – D** **4x3=12 Marks**<br>(**SOURCED BASED QUESTIONS/** स्त्रोत आधारित प्रश्न) | |

DoE, Delhi

| | | |
|---|---|---|
| 31 | **मुहर एक शहरी शिल्पकृति**<br>भारत में प्राचीन काल में पत्थर की मुहरें होती थी। मेसोपोटामिया में पहली सहस्राब्दी ईसा पूर्व के अंत तक, पत्थर की बेलनाकार मुहरें, जो बीच में छेद कर, एक तीली लगाकर गीली मिट्टी के ऊपर घुमायी जाती थीं और इस प्रकार उनसे लगातार चित्र बनता जाता था। वे बहुत कुशल कारीगरों द्वारा तराशे गए थे, और कभी-कभी उन पर लिखा होता था मालिक का नाम, उनके भगवान का नाम उनकी आधिकारिक स्थिति, आदि। किसी कपड़े की गठरी या बर्तन के मुँह को चिकनी मिट्टी से लीप पोत कर उस पर वह मोहर घुमायी जाती थी , इससे उस गठरी या बर्तन में रखी वस्तुओं को मोहर लगाकर सुरक्षित किया जा सकता था। मिट्टी की पटिया पर लिखे पत्र पर घुमाने पर वह प्रमाणिकता की निशानी बन जाती थी। अतः मुहर सार्वजनिक जीवन में एक नगरवासी की भूमिका को दर्शाती थी।<br>प्रश्नः<br>(i) मेसोपोटामिया सभ्यता के दौरान मुहरों को किसने उकेरा था?<br>(ii) प्रत्येक मुहर पर आप क्या देखते हैं?<br>(iii) खुदा हुआ चिन्ह क्या दर्शाता था?<br>(iv) समकालीन भारतीय सभ्यता का नाम लिखिए। | 4<br>1<br>1<br>1<br>1 |
| 32 | बेनेडिक्टीन (Benedictine) मठों में, भिक्षुओं के लिए एक हस्तलिखित पुस्तक होती थी जिसमें नियमों के 73 अध्याय थे। इसका पालन भिक्षुओं द्वारा कई सदियों तक किया जाता रहा। इस पुस्तक के कुछ नियम इस प्रकार हैं:<br>अध्याय 6 : भिक्षुओं को बोलने की आज्ञा कभी-कभी ही दी जानी चाहिए।<br>अध्याय 7 : विनम्रता का अर्थ है आज्ञा पालन।<br>अध्याय 33 : किसी भी भिक्षु को निजी संपत्ति नहीं रखनी चाहिए।<br>अध्याय 47 : आलस्य आत्मा का शत्रु है, इसलिए भिक्षु और भिक्षुणियों को निश्चित समय में शारीरिक श्रम और निश्चित घंटों में पवित्र पाठ करना चाहिए।<br>अध्याय 48 : मठ इस प्रकार बनाने चाहिए कि आवश्यकता की समस्त वस्तुएँ -जल, चक्की, उद्यान, कार्यशाला सभी उसकी सीमा के अंदर हों।<br><br>*पांडुलिपि पर कार्य करते हुये एक बेनेडिक्टीन भिक्षु का काष्ठचित्र*<br>1. नम्रता' का क्या अर्थ है?<br>2. अध्याय 47 क्या कहता है?<br>3. इस अध्याय में किस प्रकार के मूल्य परिलक्षित होते हैं? | 4<br>1<br>1<br>2 |
| 33 | निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:<br>1506 में अंग्रेजी भाषा में बाइबिल का अनुवाद करने वाले, लूथरवादी अंग्रेज, विलियम टिंडेल(1494-1536) ने प्रोटेस्टवाद का इस तरह समर्थन किया: "इस बात से सब लोग सहमत होंगे कि वह आपको धर्म ग्रंथ के ज्ञान से दूर रखने के लिए यह चाहते थे कि धर्म ग्रंथ के अनुवाद आपकी मातृभाषा में उपलब्ध ना हो सके, जिससे दुनिया अंधकार में ही रहे और वे (पुरोहित वर्ग) लोगों के अंत करण में बने रहे जिससे उनके द्वारा बनाए व्यर्थ के अंधविश्वास और झूठे धर्म सिद्धांत चलते रहें; जिसके रहते उनकी उनकी आकांक्षाएं और अतृप्त लोलुपता पूरी हो सके। इस तरह वे राजा सम्राट और यहां तक कि अपने को ईश्वर से भी ऊंचा बना सकें..... जिस बात ने मुझे मुख्य रूप से न्यू टेस्टामेंट का अनुवाद करने की प्रेरणा दी। मुझे अपने अनुभवों से ज्ञात हुआ कि सामान्य लोगों को किसी भी सच्चाई की तब तक जानकारी नहीं हो सकती जब तक उनके | |

| | | |
|---|---|---|
| | पास अपने धर्म ग्रंथ के मातृभाषा में अनुवाद उपलब्ध ना हो। इन अनुवाद उसे ही वे धर्म ग्रंथ की परिपाटी. क्रम और अर्थ समझ सकेंगे।<br>प्रशन:<br>(i) विलियम टिंडेल के बारे में आप क्या जानते हैं?<br>(ii) बाइबिल का अंग्रेजी में अनुवाद करने के उनके उद्देश्य क्या थे?<br>(iii) वे कौन से मुद्दे थे जिन पर प्रोटेस्टेंटों ने कैथोलिक चर्च की आलोचना की? कोई दो मुद्दे लिखिए। | <br><br>1<br>1<br>2 |
| | **Section – E** **1x5=05 Marks**<br>( मानचित्र आधारित प्रश्न) | |
| 34 | **(34.1**) दिए गए विश्व के राजनीतिक मानचित्र पर निम्नलिखित को ढूँढ़ें और उपयुक्त प्रतीक के साथ नाम लिखें।<br>I. वेनिस: जीवंत शहर<br>II. भूमध्य सागर<br>III. गॉल: रोमन साम्राज्य का एक प्रांत<br><br>**(34.2)** उसी रूपरेखा मानचित्र पर दो स्थानों को 'A' और 'B' के रूप में चिह्नित किया गया है, उन्हे पहचानिए और उनके पास खींची गई रेखाओं मे सही नाम लिखिए।<br>A) वह क्षेत्र जो आबादकारों द्वारा 1867 में रूस से खरीदा गया।<br>B) वह क्षेत्र जहां से एक भूमि सेतु से होते हुए ऐबॉरिजिनीज ऑस्ट्रेलिया आए| | <br>1<br>1<br>1<br><br><br>1<br>1 |




| | | |
|---|---|---|
| 34 | निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित उम्मीदवारों के लिए **Q.No.34** के बदले में हैं।<br>A) दो नगर-राज्यों के नाम लिखिए।<br>B) उन दो स्थानों के नाम लिखिए जिन्हें आबादकारों ने क्रमशः फ्रांस और रूस से खरीदा था।<br>C) टोक्यो का पुराना नाम लिखिए | |